दिनांक : 28.02.2026 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,**

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महिलाओं के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का अजमेर से करेंगे शुभारंभ।
2- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- मोदी सरकार की नीतियों से भरे अन्न के भंडार, चावल निर्यात में चीन को पछाड़ा।
3- अफ्रीकी महाद्वीप बोत्स्वाना से आज कूनो पहुंचेंगे 8 चीते।
4- प्रदेश में इस बार पर्यावरण-संरक्षण के संदेश के साथ मनेगा होली का त्यौहार, गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को दिया जा रहा बढ़ावा।

**टीकाकरण अभियान** **28.02.2026/07.10AM**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी टीकाकरण अभियान का अजमेर से शुभारंभ करेंगे। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा। सभी राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे और राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल के डॉ. कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में अभियान का शुभारंभ करेंगे। अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाएँ टीकाकरण के लिए पात्र होंगी। साथ ही, अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली बालिकाएँ भी पात्र मानी जाएँगी। यह टीकाकरण पूर्णतः स्वैच्छिक है तथा अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। गौरतलब है कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।

**आईएमए - पीएम पत्र 28.02.2026/07.10AM**

भारतीय चिकित्सा संघ- आईएमए ने देशभर में 14 वर्ष तक की किशोरियों को मुफ्त एचपीवी टीकाकरण उपलब्ध कराने के केंद्र सरकार के □सले का स्वागत किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में आईएमए ने कहा है कि यह पहल सर्विकल कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और देश की लाखों महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

आईएमए ने अपने पत्र में यह भी कहा है कि देशभर में अपनी 18 सौ से अधिक स्थानीय शाखाओं के माध्यम से वह इस राष्ट्रीय मिशन को स□ल बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**छात्रावास लोकार्पण 28.02.2026/07.10AM**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल ग्वालियर में आइटीएम ग्लोबल स्कूल के नवीन छात्रावास 'पाणिनी' का लोकार्पण किया। उन्होंने कृषि संकाय के नवीन भवन का भी शिलान्यास किया। यहां आयोजित 'युवजन संवाद' के दौरान श्री चैहान ने कहा कि एक जमाना था जब हम सदा लाल गेहूं खाने के लिए विवश थे। आज किसानों ने, सरकारी नीतियों की मदद से अन्न के भंडार भर दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास सर प्लस अन्न हैं। दुनिया में चावल एक्सपोर्ट में मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मैं तीन लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा हूं। देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, दूसरा पौषण और तीसरा छोटे किसानों की आय बढ़ाकर उनकी जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश करना है। उन्होंने युवाओं से कहा कि कृषि के क्षेत्र में आप नवाचार करें, आपके पास जो आइडिया हैं आप उन्हें साझा करें।

**आईआईएमसी-उपराष्ट्रपति 28.02.2026/07.10AM**

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना सशक्त और सुशिक्षित युवाओं के माध्यम से ही साकार हो सकती है। श्री राधाकृष्णन ने कल नई दिल्ली में भारतीय जनसंचार संस्थान के 57वें दीक्षांत

समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रगति का मुख्य ध्वजवाहक बताया।

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राष्ट्र के विकास में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने मीडिया में एआई के इस्तेमाल पर जोर दिया।

**चीता प्रोजेक्ट** **28.02.2026/07.10AM**

श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में अफ्रीकी महाद्वीप से चीतों का तीसरा बड़ा जत्था आज पहुंचने वाला है। बोत्स्वाना से एयरलिफ्ट किए गए 8 चीते विशेष विमान से मध्यप्रदेश लाए जा रहे हैं। इनमें 6 मादा और 2 नर चीता शामिल हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक सुबह 8:30 बजे ग्वालियर से भारतीय वायुसेना के दो हेलीकॉप्टरों से चीतों को कूनो नेशनल पार्क के लिए रवाना किया जाएगा। चीते सुबह 9:30 बजे कूनो नेशनल पार्क पहुंचेंगे। उनकी सुरक्षित लैंडिंग के लिए पार्क में 5 हेलीपैड बनाये गये हैं। पूरा अभियान अत्यंत सावधानी और वैज्ञानिक प्रोटोकॉल के तहत संपन्न किया जाएगा। पार्क में बाड़े तैयार किए गए हैं, जहां चीते लगभग एक महीने तक क्वारंटाइन में रहेंगे।

**सीएम आलीराजपुर** **28.02.2026/07.10AM**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि आलीराजपुर भील जनजाति की संस्कृति और स्वाभिमान की भूमि है, उन्होंने कल शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जिले को 171 करोड़ रूपए से अधिक के 49 विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आलीराजपुर में 1800 करोड़ रुपये लागत वाली नर्मदा सिंचाई परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इससे 170 गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को किसानों के लिए समर्पित किया है।

**होली दहन** **28.02.2026/07.10AM**

प्रदेश में इस वर्ष होली पर्व को पर्यावरण-संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश

के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए राज्य शासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और उल्लास के साथ होली मनाएं। प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देश अनुसार जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से प्रयास किया जाएगा कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह गो-काष्ठ का प्रयोग हो। साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, जल संरक्षण करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने के संकल्प के साथ उत्सव मनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा।

**टी20 विश्व कप** **28.02.2026/07.10AM**

आई.सी.सी. टी-20 क्रिकेट विश्व कप में, इंग्लैंड ने कल रात कोलंबो में खेले गए सुपर 8, ग्रुप 2 मैच में न्यूज़ीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। 161 रन का लक्ष्य इंग्लैंड ने 19 ओवर और 3 गेंद में 6 विकेट पर हासिल करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

प्रतियोगिता में आज सुपर 8 के ग्रुप 2 में पाकिस्तान का सामना श्रीलंका से होगा।

**संक्षिप्त समाचार** **28.02.2026/07.10AM**

1- केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में सागौर और मानपुर के दो रेलवे ओवर ब्रिजों का लोकार्पण कर उन्हें जनता की सेवा में समर्पित किया।
2- इंदौर जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
3- बैतूल की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया।
4- होली के अवसर पर भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित भोपाल हाट में दो दिवसीय विशेष होली मेला आज और कल आयोजित किया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह मेले का शुभारंभ करेंगी।
5- भोपाल में विशेष दुकानों से शैक्षणिक सामग्री और ड्रेस की खरीदारी को लेकर निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर बनाए जाने वाले दबाव को देखते हुए भोपाल जिला प्रशासन अभी से अलर्ट मोड पर आ गया है। भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आठ एसडीएम के नेतृत्व में टीमों का गठन किया है।

6- रतलाम में मिलावटी घी के विक्रय की शिकायत पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने ग्लोबस सिटी स्थित महाकाल ट्रेडर्स पर छापा मारा। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं।

-